श्रीमान जी,

निवेदन है कि श्रीमान् जिला कलक्टर एवं जिला पंजीयक, श्रीगंगानगर के आदेश क्रमांकः–पंजी/11/2338 दिनांक 23.11.2011 द्वारा श्रीमान् जी को बन्द वसीयत प्रार्थना पत्र एवं बन्द वसीयत खुलवाने बाबत् अधिकृत किया हुआ है। जिसकी पालना में उक्त बन्द वसीयत को खोलने की कार्यवाही की जा रही है।

2022/53

प्रार्थी नक्षत्र सिंह पुत्र जीत सिंह जाति तरखान निवासी सुजावलपुर तहसील व जिला श्रीगंगानगर ने प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, वारिसान हेतु दैनिक डायरी, आई डी प्रूफ एवं मूल रसीद गुम होने की एफ.आई.आर पेश कर निवेदन किया है कि मेरे पिता जीत सिंह पुत्र राणा सिंह जाति तरखान निवासी सुजावलपुर तहसील व जिला श्रीगंगानगर ने दिनांक 05.02.2002 को वसीसत कस्टडी में रखवाई थी। जिनका देहांत दिनांक 24.10.2021 को हो गया था। उनके द्वारा दिनांक 05.02.2002 को रखवाई गयी बंद वसीयत खोला जाकर निष्पादन की कार्यवाही हेतु निवेदन किया है।

प्रार्थी को गवाहान नत्था सिंह पुत्र हरि सिंह एवं काला सिंह पुत्र रतन सिंह ने पहचाना है। प्रार्थी एवं गवाहों की शिनाख्त अधिवक्ता श्री छिन्द्रपाल सिंह ने की है। अतः निर्धारित शुल्क जमा कर सीलड पैकेट बंद लिफाफा खोले जाने हेतु प्रस्तुत है।

अवलोकनार्थ एवं आदेशार्थ प्रस्तुत है।

जिला पंजीयक महोदय

23/2/22

23/2